
## पाठ 4

# दो कविताएँ

**आइए सीखें -** ■कविता को हाव-भाव व लय के साथ प्रस्तुत करना। ■काव्य की सौन्दर्यानुभूति से परिचय। ■प्रकृति के प्रति प्रेम। ■समान ध्वनि वाले शब्दों से परिचय।

### मेघ बजे

धिन-धिन-धा धमक-धमक
मेघ बजे
दामिनि यह गयी दमक
मेघ बजे
दादुर का कंठ खुला
मेघ बजे
धरती का हृदय धुला
मेघ बजे
पंक बना हरिचन्दन
मेघ बजे
हल का है अभिनन्दन
मेघ बजे।
धिन-धिन......



### फूले कदम्ब

फूले कदम्ब
टहनी-टहनी में कन्दुक सम झूले कदम्ब
फूले कदम्ब।
सावन बीता
बादल का कोप नहीं रीता

**शिक्षण संकेत -** ■कविता के ध्वन्यात्मक प्रयोग को समझाइए। ■पंक्तियों के भावार्थ बच्चों की सहभागिता से स्पष्ट कीजिए। ■वर्षा के सौन्दर्य के बारे में बच्चों को समझाइए। ■वर्षा से संबंधित अन्य कविताएँ बच्चों को सुनाइए।

जाने कब से वो बरस रहा
ललचाई आँखों से नाहक
जाने कब से तू तरस रहा
मन कहता है, छू ले कदम्ब
फूले कदम्ब
फूले कदम्ब।

**- नागार्जुन**

बाबा नागार्जुन का जन्म नाम 'वैजनाथ मिश्र' था। आपका जन्म जून 1911 (ज्येष्ठ मास पूर्णिमा) में ग्राम तरौनी जिला दरभंगा बिहार में हुआ था। आपको 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' भारत भवन भोपाल द्वारा सर्वोच्च 'भारत भारती' सम्मान एवं अनेक राज्य सरकारों द्वारा सम्मानित किया गया। इनकी रचनाओं में कई उपन्यास, खिचड़ी विप्लव, हजार बाँहो वाली (कविता संग्रह) एक व्यक्ति एक युग (निराला) प्रेमचन्द (बाल जीवनी), रतिनाथ की चाची, वरूण के बेटे प्रमुख हैं।

### निम्नलिखित शब्दों के अर्थ शब्दकोश से खोजकर लिखिए -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तरस | - | कन्दुक | - | टहनी | - |
| कोप | - | रीता | - | ललचाई | - |
| कदम्ब | - | नाहक | - | दामिनी | - |
| दादुर | - | कण्ठ | - | पंक | - |
| अभिनंदन | - | दमक | - | मेघ | - |

## अभ्यास

### बोध प्रश्न

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) 'मेघ बजने' से कवि का क्या आशय है?

(ख) 'पंक' किस प्रकार से हरिचंदन लगने लगता है?

(ग) वर्षा के आगमन से क्या-क्या परिवर्तन होने लगते हैं?

(घ) 'कदम्ब' किसके समान झूलता दिखाई दे रहा है?

(ङ) धरती का हृदय किस प्रकार धुला लगने लगा है?

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

..........का कण्ठ खुला।　　धरती का.............धुला।　　..........मेघ बजे।

**3. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए -**

(क) हलका है अभिनन्दन

(ख) "टहनी-टहनी में कन्दुक सम झूले कदम्ब" ल

## भाषा अध्ययन

**1. निम्नलिखित शब्दों के तुकान्त शब्द लिखिए - जैसे - खुला - घुला।**

चन्दन - ................　　चमक - .................

रीता - ................

बरस - ................

**2. धिन-धिन शब्द युगम में ध्वन्यात्मकता है। इसी प्रकार के अन्य ध्वन्यात्मक शब्द लिखिए।**

**3. इस कविता की जिन पंक्तियों में अनुप्रास अलंकार है, उन्हें छाँटकर लिखिए -**

(क) ..................................

(ख) ..................................

(ग) ..................................

(घ) ..................................

**4. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग को अलग कीजिए -**

अभिनन्दन, अभिवादन, विराग, प्रवचन, अभियोग, वियोग, प्रयोग।

**5. सही विकल्प चुनिए -**

(क) कल सरिता ................ समारोह में गई थी।

(i) अभिवन्दन　(ii) अभिवादन　(iii) अभिनन्दन (iv) अभिचन्दन

(ख) लिखाई, ललचाई, पढ़ाई इन शब्दों में ................ प्रत्यय है।

(i) खाई　(ii) आई　(iii) अई　(iv) ई

## योग्यता विस्तार -

1. वर्षा ऋतु में आपने जो मौसमी परिवर्तन देखें हो, उसे लिखकर बालसभा में सुनाइए।
2. ऐसे पेड़-पौधो के नामों की सूची बनाइए, जिनके फूल सुन्दर और अच्छे लगते हों।
3. वर्षा ऋतु पर आधारित अन्य कोई गीत/कविता खोजकर लिखिए।

पंचतत्व से निर्मित प्रकृति के अन्य प्राणियों की भाँति वृक्ष भी स्पन्दनशील एवं प्राणवान हैं।